सुनो भवानी अरज हमारी

सुनो भवानी अरज हमारी दया करो माँ कृपा करो माँ,
शरण में बैठे है माँ तुम्हारी दया करो माँ कृपा करो माँ
सुनो भवानी अरज हमारी दया करो माँ कृपा करो माँ।

ये अपना जीवन तेरी अमानत तू ही है जननी तू ही है पालक,
तेरे चरण के है हम पुजारी दया करो माँ कृपा करो माँ,
सुनों भवानी अरज हमारी दया करो माँ कृपा करो माँ।

कहे तुम्हे सब दया का सागर लुटा दो ममता गले लगाकर,
भुला दो सारी खता हमारी दया करो माँ कृपा करो माँ,
सुनों भवानी अरज हमारी दया करो माँ कृपा करो माँ।

तेरे सिवा हम किसे पुकारे ये नैन केवल तुम्हे निहारे,
तुम्ही पे आशा टिकी हमारी दया करो माँ कृपा करो माँ,
सुनों भवानी अरज हमारी दया करो माँ कृपा करो माँ।

जो “सोनू” कर दे तू एक इशारा संवर ही जाए जनम हमारा,
मिटा दो बाधा माँ जग की सारी दया करो माँ कृपा करो माँ,
सुनों भवानी अरज हमारी दया करो माँ कृपा करो माँ।

सुनो भवानी अरज हमारी दया करो माँ कृपा करो माँ,
शरण में बैठे है माँ तुम्हारी दया करो माँ कृपा करो माँ।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21684/title/suno-bhawani-araj-hamari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |